वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 164 | मंगलवार 8 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री ने किया नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का लोकार्पण

## टाइगर सफारी से पर्यटन के क्षेत्र में नई शुरूआत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने किया बाघ शावकों का नामकरण, नर बाघ शावक का नाम 'भीम' तथा मादा बाघ शावक का नाम 'स्कंदी' रखा



**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर के नाहरगढ़ में फीता काटकर टाइगर सफारी का शुभारम्भ किया। प्रदेशवासियों को मिली इस सौगात से अब वन्य जीव प्रेमी नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान में दो बाघ शावकों का नामकरण भी किया। मुख्यमंत्री ने मादा बाघ शावक का नाम 'स्कंदी' तथा नर बाघ शावक का नाम 'भीम' रखा। शर्मा ने प्रदेशवासियों को 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे वन्य जीव सप्ताह की बधाई देते हुए कहा कि वन्य जीवों की रक्षा तथा प्रकृति को संजोए रखना हम सभी का कर्त्तव्य है। इस वन्यजीव सप्ताह में विद्यार्थियों को बायोलॉजिकल पार्कों में निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग और जेडीए के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को शुरू हो रही टाइगर सफारी से प्रदेश में पर्यटन को एक नई शुरूआत मिली है। साथ ही, इससे बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन पर विशेष जोर दे रहा है। प्रदेश में तीन नेशनल पार्क, 26 अभयारण्य, 36 कन्जर्वेशन रिजर्व तथा 4 बायोलॉजिकल पार्क विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाघों के संरक्षण के निरंतर किए जा रहे प्रयासों से उनकी आबादी बढ़ रही है। राजस्थान में लगभग 130 बाघ हैं। उन्होंने कहा कि जेडीए ने जयपुर जिले में दो नए पार्क विकसित किए हैं। जिसमें जीरोता में नगर वन एवं नेवटा के पास बायोडायवर्सिटी पार्क शामिल हैं। इससे आसपास की 5 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान और ''मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान'' के तहत राज्य में 7 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'हरियालो मिशन' के तहत लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। जिसके तहत आगामी पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष 10 करोड़ पौधारोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनता से जो वादे किए हैं, उनको लगातार पूरा किया जा रहा है। हमने एक वर्ष में एक लाख भर्तियों तथा आगामी पांच वर्षों में चार लाख भर्तियों की घोषणा की थी। जिसके तहत कैबिनेट बैठक में एक साथ 90 हजार पदों पर भर्तियों का रास्ता खुला है जो हमारे दृढ़संकल्प को दर्शाता है। शर्मा ने अधिकारियों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रोशनी एवं वन्यजीवों के लिए पानी तथा उद्यान के समुचित रख-रखाव के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इससे पहले शर्मा ने परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने इस दौरान विभिन्न स्कूलों से जैविक उद्यान में भ्रमण हेतु आए बच्चों से मुलाकात भी की।



### 7 किलोमीटर के ट्रैक में वन्यजीव प्रेमी निहारेंगे बाघ को

राज्य सरकार द्वारा 453 लाख रुपये की लागत से 30 हेक्टेयर में टाइगर सफारी विकसित की गई है। इस टाइगर सफारी में 7 किलोमीटर का सफारी ट्रैक विकसित किया गया है। यह सफारी सैलानियों को प्राकृतिक वातावरण में बाघों की खूबसूरती को अनुभव करने का अवसर देगी तथा लोगों में बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता का प्रसार होगा। उल्लेखनीय है कि नाहरगढ़ वन्य जीव अभयारण्य 5 हजार 240 हेक्टेयर में फैला हुआ है। जिसमें नाहरगढ़ जैविक उद्यान 720 हेक्टेयर में विकसित किया गया है। इसमें पहले से ही लॉयन सफारी संचालित है। समारोह में नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक प्रशांत शर्मा, जयपुर नगर निगम (हेरिटेज) महापौर श्रीमती कुसुम यादव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी सहित बड़ी संख्या में वन्य जीव प्रेमी उपस्थित रहे।

# चंद्रप्रभु भगवान के कलशाभिषेक के साथ कूकस मेला संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चंद्र प्रभु जी कूकस का तीन दिवसीय वार्षिक मेला मुनि श्री 108 समत्व सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 शील सागर जी महाराज के सानिध्य में चन्द्र प्रभु भगवान के कलशाभिषेक के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व मुनि श्री का पाद् प्रक्षालन प्रवीण निशी जैन एवं महावीर उमा रांवका द्वारा किया गया। मुनि श्री ने उपस्थित भक्तों को दिव्य देशना दी। मंत्री प्रदीप गोधा ने बताया कि प्रबंधकारिणी समिति द्वारा समारोह के मुख्य अतिथि सुधांशु कासलीवाल अध्यक्ष हेमंत सोगानी का तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि अशोक चांदवाड पारस जैन आगरा वाले एवं सत्येंद्र जैन रेखा जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के संरक्षक श्रीमती उषा पापड़ीवाल अनिल दीवान एवं चेतन जैन छाबड़ा का उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। महावीर जी तीर्थ क्षेत्र के मंत्री सुभाष जैन, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष पांड्या व उपस्थित समाज के द्वारा भारतवर्षिय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार कोठारी का भी सम्मान किया गया।अध्यक्ष बाबूलाल बाकलीवाल ने बताया कि दिन में 24 तीर्थंकर भगवान की पूजन भी की गई। कार्याध्यक्ष सुनील पहाड़िया व मेला संयोजक केशव गोदीका मैंने बताया की मेला अवसर पर शनिवार को क्षेत्र के शिखरों पर कलश एवं ध्वजारोहण पुण्यार्जक कमल व मनोरमा चादवाड द्वारा किया गया। दिन में चंद्रप्रभु विधान पूजा की गई। शनिवार रात्रि में हुई भक्ति संध्या में जयपुर के प्रमुख भजन गायक पूनम गोधा अशोक पांड्या सुनील पांडे अशोक गंगवाल विमल पाटनी सुभाष बज आदि ने अपने अपने भजनों से सभी को भाव विभोर कर दिया।

## डॉ. ममता राठौड़ अंतरराष्ट्रीय पोस्टडॉक्टोरल कार्यक्रम में चयनित



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च एंड यूरोपियन स्टडीज - बिटोला (उत्तर मैसेडोनिया), यूनिवर्सिटी मेडिटेरेनिया डि रेजियो कैलाब्रिया (इटली) के मेडिटेरेनिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स रिसर्च और क्राकोव यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक्स (पोलैंड) के सिविल, इकोनॉमिक और प्राइवेट इंटरनेशनल लॉ विभाग ने संयुक्त रूप से घोषणा की है कि डॉ. ममता राठौड़ को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पोस्टडॉक्टोरल कार्यक्रम - वैश्वीकरण और मानवाधिकार के लिए चुना गया है। यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2024 से 1 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान डॉ. राठौड़ मानवाधिकार और वैश्वीकरण के क्षेत्र में उन्नत शोध करेंगी और दुनिया भर के प्रमुख शोधकर्ताओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान करेंगी। यह कार्यक्रम इटली के रेजियो कैलाब्रिया स्थित यूनिवर्सिटी मेडिटेरेनिया में आयोजित किया जाएगा। यह चयन डॉ. राठौड़ की शोध के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक मंच पर मानवाधिकार के मुद्दों को समझने के उनके प्रयासों को दर्शाता है।

## धर्म जागृति संस्थान, राजस्थान ने किया भोजन वितरण
### रितिशा के प्रथम जन्म दिन पर किया आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान - राजस्थान प्रान्त द्वारा परम पूज्य अभीक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महामुनिराज के 35वें दीक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के नेतृत्व में असहाय, गरीब, निशक्त और जरूरतमंद लोगों को जे के लोन हॉस्पिटल के बाहर शाम को निशुल्क भोजन वितरण किया गया । महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया की शुद्ध शाकाहारी भोजन स्वयं ने तैयार करा कर जे के लोन के गेट के पास तीन सो से भी अधिक लाइन बद्द व्यक्तियों को साफ पत्तल दोने में शाबाश इंडिया के संपादक राकेश समता गोदिका की पुत्री रचिता - सिद्धार्थ के द्वारा बेबी रितिशा के प्रथम जन्म दिन पर किया गया। भोजन वितरण में संस्थान की सांस्कृतिक मंत्री समता गोदिका, शकुन्तला बिंदायक्या, उपाध्यक्ष हरक चंद जैन हमीरपुर वाले, मुकेश, राजेश, बजरंग, राजू आदि ने सहयोग किया।



## हरीपर्वत जैन मन्दिर में मनाया वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव- भक्तों ने किया प्रभु का अभिषेक



**आगरा. शाबाश इंडिया**

7 अक्टूबर को हरीपर्वत स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मेडिटेशन गुरु उपाध्यायश्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में वार्षिक कलशाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2:00 बजे भक्तों ने संगीतकार शशि एंड पार्टी के मधुर भजनों पर अष्ट द्रव्यों के साथ श्रीजी की पूजन के साथ किया। श्रीजी की पूजन के बाद मथुरा से पधारे जिनेंद्र जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में श्रीजी की प्रतिमा को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक सम्पन्न किया। वहीं उपाध्यायश्री ने अपने हाथों से सभी भक्तों को गांधोधक लगाकर मंगल आशीर्वाद दिया। इस दौरान अवधपुरी में बनने जा रहे भगवान पदमप्रभु के जिनालय की पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मधु नगर सकल जैन समाज एवं सदर बाजार जैन समाज ने उपाध्यक्ष श्री के समाज श्रीफल भेंटकर निवेदन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।कलशाभिषेक के समापन पर मन्दिर समिति ने सभी भक्तों के लिए वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्यायश्री विहसंतसागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार हरीपर्वत जैन मंदिर से अजय जैन बैंक कॉलोनी नॉर्थ ईदगाह के लिए हुआ। जहां रात्रि विश्राम होगा। इस अवसर पर मनोज जैन बाकलीवाल,डॉ जितेंद्र जैन,राकेश जैन पार्षद,अभिनंदन जैन पीएनसी हीरालाल बैनाड़ा,अशोक राजेन्द्र जैन एडवोकेट, अनिल जैन रईस,अनिल जैन,राजेश बैनाड़ा,नरेश लुहाडिया, महिपाल जैन पवन जैन, संदीप बाकलीवाल,वीरेंद्र मोठया, आदित्य जैन,आशीष जैन, शुभम जैन समस्त आस-पास की शैलियों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्री दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर प्रामाणिक पाठशाला के बच्चों ने मुनि श्री के दर्शन किए



**झुमरी तिलैया, कोडरमा. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन समाज झुमरी तिलैया कोडरमा के अंतर्गत चलने वाले श्री दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर प्रामाणिक पाठशाला के शिक्षिकाओं द्वारा दिनांक 6 अक्टूबर दिन रविवार को पाठशाला के सभी बच्चों को जैन गुरु पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी मुनिराज का दर्शन करने मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज की जन्मस्थली हजारीबाग ले जाया गया जहां पर सभी शिक्षिकाओं और बच्चों ने पूज्य गुरुदेव के चरणों में श्रीफल के साथ अष्ठ द्रव्य से पूजन कर अर्घ समर्पण किया ओर सभी ने गुरुवर का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेट कर अपने जीवन को धन्य बनाया। गुरुदेव ने सभी बच्चों ओर पाठशाला के प्रति समर्पित सभी को दोनों हाथों से मंगल आशीर्वाद दिया। संध्या में गुरुवर के द्वारा णमोकार चालीसा कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यासागर पाठशाला कोडरमा के बच्चों द्वारा मंगलाचरण किया गया उसके पश्चात हजारीबाग समाज के सभी पदाधिकारी के द्वारा सभी भक्तों को तिलक,माला, दुपट्टा पहनना का स्वागत किया स्वागत के पश्चात गुरुवर ने अपने मंगल आशीर्वाद में कहा भारत में अगर बच्चों में भक्ति देखनी है कोडरमा के बच्चों में देखो ,मेरे 2023 के चातुर्मास में कोडरमा में सभी बच्चों में संस्कार देखने को मिला सभी बच्चों को जब भी समय मिलता पूजा अभिषेक के साथ संध्या में णमोकार चालीसा में पूरा सरस्वती भवन भरा रहता था सभी बच्चों में भक्ति अपरंपार है कोडरमा की पाठशाला बहुत सुव्यवस्थित तरीके से बच्चों को संस्कारित कर रहा है । कोडरमा में धर्म का प्रभाव बच्चे ही नहीं सभी वर्गों में कूट-कूट कर भरा है इस अवसर पर हजारीबाग समाज के कपूर चंद जी प्रेमा जी राजेश जी लुहाड़िया परिवार के द्वारा सभी बच्चों को प्रभावना के रूप में गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कोडरमा समाज के बच्चों ने अपने आराध्य गुरु श्री 108 सुयश सागर मुनिराज से पुनः कोडरमा आगमन के लिए श्री फल भी समर्पित किया। पाठशाला की संयोजिका सुनीता सेठी ,रानी छाबड़ा, जूली लुहाड़िया मोना छाबड़ा नीलम सेठी, रेखा झांझरी, संगीता छाबड़ा, क्षमा सेठी, रिंकू गंगवाल, कल्पना सेठी, रेखा झांझरी, प्रियंका छाबड़ा, सीमा जैन, किरण ठोल्या,किरण बड़जात्या समाज के एवम पाठशाला के प्रचार प्रसार मंत्री शराज कुमार जी अजमेरा एवम ईशान कासलीवाल सभी बच्चों के साथ गए। इनके साथ ही समाज के पूर्व मंत्री ललित भी उपस्थित रहे।

## विश्व शाकाहार सेवा सम्मान से कमल लोचन सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जन मंच के संस्थापक कमल लोचन को विश्व शाकाहार सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। लोचन को यह सम्मान नई दिल्ली, सांसद मार्ग स्थित कन्वेंशन सेंटर में निमल वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया तथा डॉक्टर फोरम दिल्ली के बैनर तले हुए समारोह में प्रख्यात विश्व शाकाहारी पद्धति के चिकित्सक डॉ डीसी. जैन, लेफ्टिनेंट जनरल पीआर वेंकटेश, निम्स के डायरेक्टर डॉ. श्रीधरन आदि अतिथियों ने प्रदान किया। लोचन लगातार 30 वर्षों से पशु पक्षियों की सेवा, जीव हत्या के विरोध में आंदोलन, एनिमल वेलफेयर के लिए कार्यवाही, प्रकाशन एवं निःशुल्क पक्षी चिकित्सालय के संचालन के लिए के लिए कार्य कर रहे हैं। समारोह तीन सत्रों में आयोजित हुआ। इस दौरान प्रतियोगिताएं, प्रतिनिधियों के उद्बोधन व क्विज आदि के आयोजन हुए।

# जैसवाल जैन समाज का सामूहिक अभिषेक कार्यक्रम संपन्न

## क्षमावाणी मिलन समारोह में सम्मिलित हुए सभीजन



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

इंदौर। जैसवाल जैन उपरोचियां जैन समाज का 21वां सामूहिक श्रीजी अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन और क्षमावाणी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर नगर में निवासरत जैसवाल जैन परिवार प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा एवम पूजन का आयोजन करते हैं । इस माह श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नसियां जी , इंदौर में मूलनायक 1008 श्री पारसनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य श्री दिगंबर जैसवाल जैन (उप) समाज इंदौर के लगभग 120 परिवारों को प्राप्त हुआ। इसके बाद इंदौर मे प्रथम नवनिर्मित कमेटी के तत्वावधान मे श्री दिगंबर जैसवाल जैन (उप) समाज इंदौर द्वारा सामूहिक क्षमावाणी पर्व भी मनाया गया । जिसमें सभी लोगो ने गले मिलकर एक दूसरे से क्षमा याचना की। सर्वप्रथम श्री महावीर भगवान के चित्र का अनावरण और दीप प्रज्वलन अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जैन, मंत्री श्री प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष श्री विनोद जैन, कोषाध्यक्ष श्री ऋषभ जैन और कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा किया गया। मंगलाचरण की प्रस्तुति श्रीमति मीनाक्षी जैन द्वारा की गई । मंगलाचरण के उपलक्ष्य में श्रीमती मीनाक्षी जैन को सपरिवार शिखरजी की तीथयात्रा कराए जाने की घोषणा की गई। इसके उपरांत श्रीमति डॉ शिखा जैन (पांडविय) ने अपने विचार रखें और क्षमा भाव का निवेदन किया। श्रीमती डॉ शिखा जैन को महिला मंडल का गठन करने और दिवाली के बाद मिलन समारोह व तीर्थयात्रा की योजना बनाने हेतु निवेदन किया गया। इसी शृंखला मे विनोद जैन ने कहा कि यदि भविष्य मे तीर्थयात्रा समाजजन द्वारा की जाती है तो हमारे द्वारा जो भी सहयोग होगा। वो हम करेंगे। महेश चन्द जैन (डी आई जी) अपने व्यस्त कार्यक्रम मे से समय निकालकर श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा मे उपस्थित हुए। श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा की प्रेरणादाता अजय जैन (दिल्ली) और श्रीमती अभिलाषा जैन और भक्तांबर पाठ का सुझाव देने जितेन्द्र (डिंपल) और श्रीमती आशा जैन और प्रथम भक्तांबर पाठ आयोजित परिवार श्रीमती मनु जैन धर्मपत्नी आयुष जैन (मुरैना) का तिलक लगाकर अभिवादन किया गया। श्रीमती किरण सिंघाई जैन, अमरावती से और श्रीमती कुसुम जैन धर्मपत्नी योगेन्द्र कुमार जैन, अजमेर से हमारे बीच आकर हमारे आथित्य को स्वीकार किया।



## वेद ज्ञान

### भय मन की प्रबल वृत्ति है

भय मन की प्रबल वृत्ति है। यह सभी जीवों के अंदर विद्यमान रहता है। इससे हर कोई छुटकारा पाना चाहता है। मानव तो इससे छूटने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है, लेकिन भय किसी न किसी रूप में मनुष्य के पीछे लगा ही रहता है। भय कई आयामों में प्रकट होता है। कभी भविष्य की अनिश्चितता के कारण तो कभी अभाव के कारण। कभी रात्रि के अंधकार में अकेलेपन के कारण तो कभी बच्चों के भविष्य के कारण। कभी परदेस में रहने के कारण तो कभी परिस्थितिजन्य प्रतिकूलता के कारण। इन सभी भयों के अतिरिक्त सबसे अधिक अंतर्मन को पीड़ा प्रदान करने वाला होता है- मृत्यु का भय। अन्य सभी भय तो परिस्थितिजन्य होने के कारण प्रतिकूलता से उत्पन्न होते हैं और अनुकूलता पाते ही समाप्त हो जाते हैं, लेकिन मृत्यु का भय मनुष्य के हृदय को बेचैन कर देता है। मनुष्य की सोच में मृत्यु के बाद क्या है, यह भाव उसे भय से भर देता है। यह भय मनुष्य के मन-मस्तिष्क को सुन्न कर उस पर हावी हो जाता है, उसे अंदर तक हिला देता है। परमात्मा रचित सभी जीवों में आहार, निद्रा, भय व संतानोत्पति की क्रियाएं स्थूल रूप में होने के कारण प्रकट रूप में होती हैं, परंतु भय की क्रिया मन के सूक्ष्म भाग में होती है। इसीलिए मनुष्य अंदर ही अंदर भयभीत तो होता है, परंतु ऊपर से उस भय को नहीं दर्शाता। प्रकट में निडरता का चोला ओढ़े रहता है, लेकिन अंदर उसे ही पता होता है कि वह कितना भयभीत है। मृत्यु के भय का कारण है अविद्या। अविद्या से उत्पन्न अज्ञान के कारण भय मनुष्य को घेर लेता है। सत्य का ज्ञान न होने के कारण वह स्वयं को जीने-मरने वाला मानता है। इस भ्रम से भय की उत्पत्ति होती है। मात्र सत्य के मार्ग का अनुसरण ही मृत्यु के भय से छुटकारा दिला सकता है। इसके विपरीत सत्य के मार्ग का अनुसरण नहीं किया गया तो भय के चंगुल से छुड़ाने वाला कोई नहीं मिलेगा। अपने सत्य स्वरूप को जानकर ही मनुष्य निर्भय हो सकता है। फिर उसे मृत्यु का भय कदापि नहीं सता सकता। जिस मनुष्य का मृत्यु भय समाप्त हो गया उसके अन्य भय तो स्वमेव विलुप्त हो जाते हैं। उसे ज्ञात हो जाता है कि यह बाह्य जगत तो माया का प्रपंचमय खेल है।

## संपादकीय

# आलोचना का अधिकार...

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी पत्रकारिता कर रहे लोगों के लिए सुकूनदेह हो सकती है कि सरकार की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। हालांकि देखने की बात है कि सरकारें इस बात को कहां तक स्वीकार कर पाती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के एक पत्रकार के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई करते हुए की। इस संबंध में अदालत ने संविधान के अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े अनुच्छेद की याद भी दिलाई और पत्रकार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया। दरअसल, सरकारों को अपनी आलोचना कभी रास नहीं आती, मगर पिछले कुछ वर्षों में सरकारें इसे लेकर प्रकट रूप में सख्त नजर आने लगी हैं। सरकार के खिलाफ अखबारों में खबरें, लेख या कोई वैचारिक टिप्पणी करने पर कई पत्रकारों को प्रताड़ित करने की घटनाएं देखी गई हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें जमानत मिलनी मुश्किल होती है। इस धारा के तहत कई पत्रकार अब भी सलाखों के पीछे हैं। कुछ मामलों में पहले भी सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि सरकार की आलोचना देशद्रोह नहीं माना जा सकता। मगर किसी सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। कुछ राज्यों में ऐसे भी उदाहरण हैं, जब सरकार की किसी नीति या फैसले की आलोचना करने पर पत्रकारों को पकड़ कर थाने में बंद किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। दरअसल, इस तरह की कोशिशें सच्चाई को सामने लाने से रोकने के लिए की जाती हैं। जबकि स्वस्थ लोकतंत्र का तकाजा है कि पत्रकारीय आलोचना को प्रोत्साहित किया जाए। इससे सरकारों को अपनी नीतियों के निर्धारण, योजनाओं के संचालन आदि में सुधार करने का अवसर मिलता है। आलोचना को रोक कर गलत नीतियों को चलाते रहना एक तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास ही होता है। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। किसी देश की पत्रकारिता कितनी स्वतंत्र है और कितने साहस के साथ अपने सत्ता प्रतिष्ठान की आलोचना कर पा रही है, इससे उस देश की खुशहाली का भी पता चलता है। यह अकारण नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में विश्व खुशहाली सूचकांक में भारत निरंतर नीचे खिसकता गया है। इसलिए कि खुशहाली नापने के पैमाने में एक बिंदु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी होता है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कोई देश अपनी आर्थिक तरक्की का तूमार तो खूब बांध ले, पर खुशहाली के मानकों पर गरीब कहे जाने वाले देशों से भी पीछे नजर आए।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नियंत्रण और संतुलन

आज का युग तकनीकी तथा नवाचार का युग है। तकनीकी परिवर्तन ने क्रिप्टो करंसी के रूप में एक नया अध्याय विकासशील देशों के सामने खोल कर रख दिया है। भारत जैसे विकासशील देश में बड़ी संख्या में नागरिकों को इंटरनेट और मोबाइल के संपूर्ण ज्ञान की ही समझ परख नहीं है, ऐसे में क्रिप्टो करंसी का मायाजाल अबूझ पहेली बन कर सामने आया है। क्रिप्टो करंसी के सिक्के के दो पहलू हैं। एक पहलू में बहुत सारे लाभ हैं, और दूसरे में आर्थिक संदर्भ में चुनौतियां या सुरक्षा अंतर्निहित हैं। क्रिप्टो करंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसे न तो देखा जा सकता है, न ही मुद्रा की भांति जेब या पर्स में रखा जा सकता है, क्योंकि इसकी हार्ड कॉपी या मुद्रित रूप उपलब्ध ही नहीं है। भौतिक रूप से उपलब्ध होने के कारण इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह स्वतंत्र किस्म की मुद्रा है। इसका संचालन नियमन किसी संस्था या सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता। इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा भी कहा जाता है। यह ऐसी मुद्रा है जिसे कंप्यूटर एल्गोरिथ्म आधार पर बनाया जाता है। कंप्यूटर में ही देखा, गिना और भुगतान किया जा सकता है। विश्व में सबसे पहली क्रिप्टो करंसी 2009 में जापान के नाकमोतो द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में बाजार में 1500 से भी ज्यादा क्रिप्टो करंसी उपलब्ध हैं। क्रिप्टो करंसी काफी लोकप्रिय होती जा रही है। लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि यह गोपनीयता बनाए रखने में सहायक होती है, लेन-देन में छद्म नाम एवं पहचान बनाई जाती है। ऐसे में निजता तो लेकर अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तियों को यह व्यवस्था उपयुक्त लगती है। इसके लेन-देन में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आर्थिक बोझ कम पड़ता है जिसके लेन-देन में थर्ड पार्टी के सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती। लेन-देन में समय तथा धन की बहुत ज्यादा बचत होती है। सामान्य बैंक खातों की तरह इसमें किसी प्रकार के कागजात की आवश्यकता भी नहीं होती। बैंकिंग प्रणाली तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लेन-देन पर सरकार का कड़ा नियंत्रण होता है, जबकि यह राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के प्रत्यक्ष नियंत्रण के बाहर होने कारण लेन-देन के आदान-प्रदान का विश्वसनीय एवं सुरक्षित माध्यम बन कर उभरी है। सरकार के पास बैंक खाते को जब्त करने का अधिकार होता है जबकि क्रिप्टो करंसी के मामले में वह ऐसा नहीं कर सकती। नोटबंदी एवं मुद्रा के अवमूल्यन का भी इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। क्रिप्टो करंसी सीमाओं से परे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही कम लागत पर एक देश से दूसरे देश को पैसा भेजने के लिए सुगम साधन बन चुकी है। 2009 में बिटकॉइन क्रिप्टो करंसी की शुरूआत हुई थी। वर्तमान में एक बिलियन बिटकॉइन इंटरनेट के नेटवर्क में समाहित हैं तथा नये बिटकॉइन का लगातार आगमन हो रहा है। प्रत्येक बिटकॉइन का मूल्य 500 रुपये है, जो दुनिया की सबसे महंगी करंसी मानी जाती है। कुछ लोग इसे गोल्डरश के नाम से भी पुकारते हैं। 2014 से माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी सेवाओं के लिए बिटकॉइन के रूप में भुगतान लेना शुरू कर दिया। निकोसिया विश्वविद्यालय भी विद्यार्थियों के प्रवेश शुल्क के रूप में बिटकॉइन करंसी स्वीकार करता है। 2018 प्रशांत महासागर में स्थित मार्शल द्वीप क्रिप्टो करंसी के लीगल टेंडर को मान्यता देने वाला पहला देश है।

# अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष बने अजय जैन



**अंबाह. शाबाश इंडिया।** अम्बाह नगर के युवा समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार अजय जैन को अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। अ.भा.जैन पत्रकार संघ के मुख्य संरक्षक हिम्मत मेहता, ऋतुराज बुडावनवाला, मुख्य सलाहकार जवाहर डोसी, राजेश नाहर, संस्थापक अध्यक्ष संजय लोढ़ा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष संदीप डाकोलिया ने संघ के साथी अजय जैन अम्बाह को मुरैना जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। उक्त जानकारी प्रदेश महासचिव शिरीष सकलेचा ने लिखित पत्र के माध्यम से प्रदान की। आपकी नियुक्ति पर संघ के साथियों ने बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि आप जिले में संघ के सिद्धांतो का प्रचार प्रसार करते हुए संस्था को नई ऊंचाईयां देंगे। ज्ञात हो कि अम्बाह निवासी अजय जैन ने पत्रकारिता के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल किया है। आप एक लम्बे अरसे से ईमानदारी एवम निष्पक्षता के साथ जनमानस की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं। अजय जैन के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर अंबाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन, एडवोकेट महेशचंद जैन, विमल जैन राजू, राजेंद्र भंडारी, महेश चंद बंगाली, आशीष जैन सोनू, एडवोकेट धर्मेंद्र जैन, महेश जैन विकल, मनोज जैन नायक, पंकज जैन, अंकित जैन, कपिल जैन सहित सभी शुभचिंतकों एवम इष्टमित्रों ने बधाई एवम शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# अन्तर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारम्भ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता सत्र 2024-25 का शुभारम्भ हो चुका है। इस अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय कुल 34 खेलो में पश्चिमी क्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु अपनी टीम का गठन की जाऐगी। इस प्रक्रिया में दिनांक 07 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक अन्तर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष/महिला) का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन आज खेल बोर्ड में राजस्थान विश्वविद्यालय, माननीया कुलपति महोदया, प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. प्रीति शर्मा, सचिव खेल बोर्ड, ने बताया कि प्रतियोगिता मे राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बंधित कबड्डी (पुरूष/महिला) वर्ग में लगभग 100 से अधिक टीमें प्रतिभागिता करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विराटनगर राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य, राजस्थान विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप धनकड़ रहे। उन्होने राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड में मौजूदा सुविधाओं को बढाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि खेल की गतिविधियो को सुचारू तथा निष्पक्ष तरीके से चलाने अपना पुर्ण सहयोग देंगें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फ्ढर पुलिस उप अधीक्षक प्रभारी अधिकारी स्पोर्टस, राजस्थान पुलिस राजूलाल चौधरी रहें। उन्होने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल मैदान में हो रहे प्रशिक्षण शिविर 1 महिने का होना चाहिए और हर महिने कॉलेजो से प्रतियोगिता कराई जानी चाहिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी गोपाल सैनी जी रहे। उन्होने बताया कि खिलाड़ियों को खेल मैदान में अधिक से अधिक समय अभ्यास करना चाहिए तथा देश का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति अल्पना कटेजा ने खिलाड़ियों को डिजीटल प्रदुषण (अत्याधिक मोबाइल के प्रयोग करने) से दूर रहेंने और खेलो की और ध्यान के लिए कहा और सभी खिलाड़ियों को समझाया कि खेलों में प्रतिभागिता किसी भी हार-जीत से बड़ी होती है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ शैलेश मौर्य ने बताया कि आज कबड्डी प्रतियोगिता अन्तर महाविद्यालय (पुरुष) के कुल 34 मैच खेले गए।

# जैन समाज के वरिष्ठ जनों से कुलगुरु की मुलाकात



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के नवागत कुलगुरु( कुलपति) राकेश सिंघई के सम्मान में आयोजित समारोह में सम्मान स्वरूप कुलपति को चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर जी द्वारा रचित ग्रंथ ''सत्यार्थ बोध'' भेंट की वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर जैनेंद्र जैन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञ जैन विद्वान डॉक्टर अनुपम जैन ने। इस अवसर पर हंसमुख गांधी टीके वेद राजेश जैन दद्दू आदित्य कासलीवाल एवं पुष्पा कासलीवाल आदि समाज जन ने स्वागत किया।



# युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी का वर्ष 2025 का चातुमार्स पनवेल में घोषित




**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

मुम्बई। श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा.आदि ठाणा का वर्ष 2025 का चातुमार्स पनवेल में। शैलेन्द्र खेरोदिया ने जानकारी देते हुयें बताया की पनवेल श्रावक संघ के अध्यक्ष राजेशजी बांठिया के नेतृत्व में मेवाड़ उपसंघ अध्यक्ष शैलेन्द्र खेरोदिया,राजेंद्र बांठिया, संतोष, मुनोत, शीतल बांठिया, मदनलाल चपलोत आनंदीलाल सुराणा, रणजीत काकरेचा, शांतीलाल खटोड़, पारस हिंगड़, रोशन सुराणा, डा.प्रमोद गांधी, जितेंद्र बालड, चतरलाल मेहता, मोतीलाल कटारिया, महेशभाई शाह, श्याम कागरेचा, मेवाड़ संघ मुंबई के अध्यक्ष भेरूलाल लोढ़ा,मंत्री प्रकाश नाहर, पारस मोदी एवं महिला मंडल के 50 जनों के प्रतिनिधि मंडल ने चैन्नई विराजमान श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा.आदि ठाणा के पनवेल मे चातुमार्स करने विनती रखी। युवाचार्य श्री ने पनवेल श्रावको की विनती को देखते हुए भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम मे सुखे समाधे वर्ष 2025 का चातुमार्स पनवेल मे करने की घोषणा की।चातुमार्स की घोषित होते ही हर्ष -हर्ष के जय-जय के जयकारें लगाकर पनवेल के सभी श्रावको ने खुशी का इजहार करते हुए युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा से आशीर्वाद प्राप्त करतें हुए चातुर्मास मे तप -जप भक्ति भाव से आध्यात्मिक, एतिहासिक बनाने की बात रखी।

# जे एस जी नॉर्थ ग्रुप द्वारा बालिका आश्रम मे स्टेशनरी वितरण की



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यक्रम की कड़ी मे सोमवार को जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा रानी सती नगर, निर्माण नगर स्थित आश्रय केयर होम बालिका आश्रम मे ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य अरुण-मणि बिलाला के सौजन्य से बच्चों को स्टेशनरी वितरण की। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड़ ने बताया कि ग्रुप की स्थापना के 21वे वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे 21 सामाजिक कार्यक्रमो की श्रृंखला मे सोमवार को बालिका आश्रम मे पेन, पेंसिल, नोट बुक कलरिंग बुक, चार्ट शीट, आदि बच्चों के लिए आश्रम की केयर टेकर श्रीमती सुशीला जी को भेंट की अभी आश्रम मे करीब 35 बालिका है इस अवसर पर ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य अरुण बिलाला, श्रीमती मणि बिलाला, श्रीमती आयुषी, रानू सोगानी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अनेकांतवाद को स्वीकार कर ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज

## एएमकेएम में पुच्छिस्सुणं संपुट जाप का स्वाध्याय





**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी उपप्रवर्तिनी कंचनकंवर जी आदि ठाणा के सान्निध्य में सोमवार को पुच्छिस्सुणं संपुट जाप की 27वीं गाथा का स्वाध्याय हुआ। युवाचार्यश्री ने इसके भावार्थ का वर्णन करते हुए कहा कि एक व्यक्ति अपनी बात को पकड़कर चल रहा है तो कोई समाधान संभव नहीं होता है। क्रिया, अक्रिया, विनय, अज्ञान ये चार प्रकार के शब्द मूलतः चार प्रकार के मत है, जिन्हें आधुनिक भाषा में अपना- अपना पक्ष कहा जाता है। उस मत के पीछे पूर्ण विचारधारा काम कर रही है। ये केवल चार ही नहीं है, ये चार तो मूल है। इसमें अपना- अपना स्वभाव भी काम करता है। कितना भी पुराना पेड़ हो जाए, बबूल को आम नहीं लगेंगे। यह उसके स्वभाव के कारण है। जिसकी जो नियति है, वह होना ही है। पत्थर को पानी में डालो, वह तिरेगा नहीं। काल कहता है मैं करता हूं, स्वभाव कहता है मैं करता हूं, उसी तरह नियति, कर्म, पुरुषार्थ भी कहते हैं। उन्होंने कहा पतली गली से पांच जने चल रहे हैं तो आगे पीछे के हिसाब से कोई बड़ा, छोटा नहीं होता। एक ही पक्ष को बताकर खींचो मत। जो आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार करता है, उसे मोक्ष प्राप्त होता है। परंतु इसमें भी कई मत है। परमात्मा ने एकांतवाद को बहुत बड़ी उलझन बताया है। हम अहंकार की जगह विनय को जीवन में स्थान दें। संयम के मार्ग पर चलने के लिए सत्य को स्वीकार करें।अनेकांतवाद को स्वीकार कर ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। यह गाथा कोई भी कार्य को निर्विघ्न रूप से पूर्ण करने में सहायक है।

# सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ में 10 दिवसीय आराधना महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**गुन्सी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान में चातुर्मासरत परम पूज्य राष्ट्रसंत गणाचार्य 108 विरागसागर जी महाराज की सुविज्ञ शिष्या परम पूज्य भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरुमां 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में नवरात्रि एवं दशहरा के पावन अवसर पर होने जा रहा है 10 दिवसीय आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन। प्रतिक सेठी ने बताया कि 10 दिन तक अलग-अलग परिवार के द्वारा अतिशय क्षेत्र विज्ञातीर्थ पर होगा विधानों का सिलसिला। एवं पूज्य गुरु मां की मुखारविंद से होगा जाप्यानुष्ठान। पूजा माताजी ने प्रवचन देते हुए कहां कि एकम से लेकर दसवीं तक इन दिनों में की गई भगवान की आराधना तात्कालिक फल को देने वाली है। जो भी भक्त समर्पण भक्ति भाव के साथ भगवान की स्तुति वंदना अभिषेक एवं विधान करता है उसके सारे कष्ट समाप्त हो जाते हैं एवं इच्छित फल की प्राप्ति हो जाती है। प्रतीक सेठी ने बताया कि विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर सहस्त्रकूट जिनालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। अनेकों यात्रीगण क्षेत्र की वंदना करने पहुंच रहे हैं।

# मानवता की पाठशाला: शिक्षा के साथ संस्कारों की शिक्षा



सोनल जैन. शाबाश इंडिया

भिंड। रविवार को मानवता की पाठशाला में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। इस अनूठी पहल का उद्देश्य न केवल बच्चों को शैक्षिक ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें सामाजिक और नैतिक मूल्यों से भी परिचित कराना है। इस बार की पाठशाला में बच्चों को मौखिक पाठ पढ़ाया गया, जिसमें नैतिक कहानियों और जीवन मूल्यों पर जोर दिया गया। बच्चों ने पूरे मनोयोग से इस पाठ में भाग लिया और उनके चेहरे पर ज्ञान के प्रति उत्सुकता साफ झलक रही थी। पाठशाला के अंत में, शैलेश भाभी ने सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री और बिस्किट वितरित किए। इस तरह की सामग्री का वितरण न केवल बच्चों के शैक्षिक विकास में सहायक है, बल्कि उनके लिए एक प्रोत्साहन भी है। शैलेश भाभी का यह योगदान निस्संदेह बच्चों के लिए



प्रेरणादायक रहा, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति और भी लगाव पैदा हुआ। इस अवसर पर बबलू सिन्धी, तिलक सिंह भदौरिया, दीपक चावला, संदीप सिंह, प्रभाती घोस, रोमा शर्मा, सोनल जैन, सामली जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब कोटा सेंट्रल का गौसेवा कार्यक्रम

## कायन हाउस में गौ माता को चारा व गुड़ खिलाया



आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया

**कोटा।** लायंस क्लब कोटा सेंट्रल ने डिस्ट्रिक्ट द्वारा भेजे गए सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत आज गौसेवा कार्यक्रम किया। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवं सेक्रेट्री राधा खुवाल ने बताया कि लायन रामकृष्ण मोहता एवं लायन के.जी.लाहोटी के सौजन्य से कायन हाउस गौ शाला में गौमाताओं को एक गाड़ी हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। रीजन चेयरमैन दिनेश खुवाल, प्रोजेक्ट हंगर चेयरमैन राजकुमार गुप्ता, आनंदीलाल कुशवाह, शील बिरला, पुरुषोत्तम चित्तौड़ा, श्यामलाल गुप्ता एवं भारती लाहोटी इत्यादि सदस्यों द्वारा गौसेवा के पुण्य कार्य में सहयोग किया गया।

# आराधना में आधुनिकता का तड़का मत लगाओ

लेखक हरिहर सिंह चौहान, इन्दौर

आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना का महापर्व नवरात्रि पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें छोटी-छोटी बच्चियों के साथ सभी वर्ग के पुरुष, महिला, लड़कियाँ और युवा इस महारास गरबों की धूमधाम की जान होते हैं। ऐसे धार्मिक उत्सव में माता रानी की भक्ति में सनातन संस्कृति, परम्परा व विरासत के मिले-जुले सामाजिक ताने-बाने की गूँज डांडियों में रहती है। यह नवरात्रि पर्व भारतीय सभ्यता का प्रतीक भी है। धार्मिक समरसता के विभिन्न रंगों में भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ने हेतु सही व सकारात्मक ऊर्जा के साथ संस्कारों की पैरवी नवरात्रि में आदिशक्ति की उपासना और शक्ति की आराधना का यह त्योहार जीवन को खुशहाल बनाने में सहयोग भी करता है, लेकिन इस पर्व की भक्ति के रंग में आज आधुनिकता का तड़का लग रहा है, जिससे फूहड़ता व दूषित संस्कृति के नजारे देखना-मिलना आम बात हो रही है। फिल्मी गानों व डीजे की धुन पर अब पारम्परिक गरबों में 'ताली' वाली गूँज गुमनाम हो चुकी है। भक्ति की वही पुरानी परम्परा साड़ी, चुनरी और राज्यों के अपने- अपने पारम्परिक पहनावे की संस्कृति का महत्व अपने-आपमें बहुत ही प्रभावी है, पर आज के दौर में यह सबके सब आधुनिकता के आगे नतमस्तक हो चुके हैं। दूसरी ओर कपड़ों के नाम पर फूहड़ता का फैशन समाज में आखिर क्यों स्वीकारा जा रहा है? युवा वर्ग को अगर समझाया जाता है तो वह इसमें ''अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता'' के नाम पर विरोधी हो जाते हैं। वर्तमान में 2 अलग-अलग विचारों की विभिन्नता फैल रही है, जिस पर चिंतन जरूरी है, क्योंकि एक तरफ दूषित मानसिकता व दूसरी ओर संस्कृति को बचाने हेतु सकारात्मक सोच यानी दोनों के लिए त्योहार मनाने के अलग- अलग मायने। आदिशक्ति माँ की ऐसी आराधना भक्ति किस काम की, जो हमारी संस्कृति व संस्कारों को दूषित कर रही हो। अत्याधुनिक फैशन व संस्कृति ने हमें और युवा पीढ़ी को बहुत आधुनिक बना दिया है, जिसके कारण ही पर्व-त्योहार पर ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं, जिससे सभी को शर्मिंदा होना पड़ता है। सबको समझना होगा कि माँ की आराधना परिवार, समाज और धर्म की एकता की प्रतीक है। इसे फूहड़पन व अश्लीलता का जामा पहना बहुत गलत है। गरबा नृत्य को महोत्सव के रुप में मनाया जाए तो बहुत अच्छा होगा। दोनों पहलू के इस चित्रण में अलग- अलग रंग देखने को मिल रहे हैं, पर भक्ति की पवित्रता मानो धूमिल होती जा रही है। अब गरबा 'इवेंट' यानी कार्यक्रम बनता जा रहा है । नैतिक शिक्षा व धर्मिक ग्रंथों की जो शिक्षा नृत्य-संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटकों के माध्यम से बताई जाती थी, जो गरबे पूरे परिवार के साथ करते थे और मिल-जुल कर देखते थे, वह बात अब नहीं रही, क्योंकि आदिशक्ति की उपासना श्रेणी के हिसाब से गरबा पांडालों में दिखाई देने लगी है। बच्चे अलग, बुजुर्ग महिला अलग और युवक-युवती एकसाथ ऐसे ही माहौल में गरबा पांडालों में आजकल आयोजन होते हैं। यह कहाँ जा रहे हैं हम? सामाजिक जिम्मेदारी व उत्सव के प्रति हमारी यह उदासीनता बहुत दुखद है। इस विषय पर जनजागरण जरूरी है। नवरात्रि पर्व की इस उमंगता को आधुनिकता में धूमिल मत होने दो। इस पर्व की भक्ति को पवित्रता व आदिशक्ति की आराधना में आधुनिकता का तड़का मत लगाओ। भारतीय परम्परा के अनुसार शालीनता से मिल-जुलकर त्योहार मनाया जाए तो उत्सव का मजा दोगुना हो जाएगा।



# विमर्श जागृति मंच का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न




**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था विमर्श जागृति मंच के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन रविवार को जी.के मैरिज गार्डन पर किया गया। अध्यक्ष अनूप बाबू ने बताया कि संस्था के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का प्रारम्भ अतिथियों ने विमर्श सागर जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया । मंगलाचरण एवं विमर्श गीत का गायन श्रष्टि जैन एवं तनु भारत ने किया। ।संस्था में सम्मलित हो रहे नवीन सदस्यों को राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुभाष जैन कैंची बीड़ी ने शपथ दिलाई तथा संस्था की गतिविधियों,उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहाकि हम संतवाद और पंथवाद से परे निष्पक्ष समाज सेवा में विश्वास रखते हैं। आपने सभी से आगामी 15 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित दीक्षा समारोह में सहभागिता करने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एस के जैन ने साइबर क्राइम से सम्बंधित उपयोगी जानकारी दी। विमर्श जागृति महिला मंच की मंत्री रूबी जैन ने पर्युषण पर्व पर 10 उपवास करने पर सुषमा जैन का सम्मान किया। आनंद गांधी ने सांस्कृतिक आयोजन कराए। सुभाष जैन एवं एस के जैन को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया,उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया सम्पादित की जिसमे सर्वसम्मति से अनूप जैन बाबू को पुनः सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष चुना गया। संचालन कर रहे जैन समाज के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र कडेसरा ने संस्था के माध्यम से सेवा का संकल्प दोहराया। जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश चौधरी ने



संस्था के कार्यों की प्रंशसा करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव संस्था अग्रणी रही है इसकी एक विशिष्ट पहचान है। संस्था के मंत्री संजय सिंघई ने कहाकि हम आगे भी और अधिक सक्रियता से कार्य करेंगे। अध्यक्ष अनूप बाबू ने पुनः नियुक्त होने पर सभी को धन्यवाद दिया। अंत मे आभार विनोद भारिल्ल ने व्यक्त किया। सदस्यों की सपरिवार भारी उपस्थिति में वात्सल्य भोज के साथ सम्मेलन सफल हुआ।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...



**कुलचाराम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**

जयपुर। विज्ञान और धर्म एक दूसरे के संपूरक है, विघटन नहीं.. ! आज जितनी आवश्यकता धर्म की है, उतनी ही आवश्यकता विज्ञान की भी है। विज्ञान मनुष्य को गति दे सकता है, परन्तु दिशा तो धर्म से ही मिलेगी। अकेला विज्ञान विनाश कर सकता है। इसलिए - विज्ञान पर धर्म का अंकुश बहुत जरूरी है। विज्ञान हमें आकाश में पक्षियों की तरह उड़ना सिखा सकता है, पानी में मछलियों की तरह तैरना सिखा सकता है, लेकिन धरती पर इंसान की तरह चलना नहीं सिखा पाया। धरती पर कैसे ऊठें, कैसे बैठें, कैसे चलें, कैसे सोयें, कैसे खायें, कैसे पीयें, कैसे बोलें, कब बोलें, कैसा व्यवहार करें- ? यह सीख सिर्फ और सिर्फ धर्म ही दे सकता है। विज्ञान ने सुविधायें तो दी पर सुख नहीं। विज्ञान ने क्या नहीं दिया ? टी. वी. सेट, सोफा सेट, डायमंड सेट, डिनर सेट, मोबाइल सेट दिया। मगर दिमाग अपसेट कर दिया। मन अशांत कर दिया। मन का शुकून, मन की शान्ति, मन की प्रसन्नता छीन ली। चांद और एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचना बहुत आसान है, लेकिन पड़ोसी और पत्नी को खुश रखना बहुत कठिन काम है।

**-नरेंद्र अजमेरा,**
**पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# इंदिरा गांधी नगर में वृहद वृक्षारोपण अभियान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**। मिशन ग्रीन आई जी एन के अंतर्गत गोपाल सेवा भाव समिति द्वारा इंदिरा गांधी नगर में वृहद वृक्षारोपण अभियान विभिन्न सेक्टर में अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत सेक्टर **10 mig A** के पार्क मे वृक्षा रोपण अभियान चलाया गया जिसमें छायादार वृक्ष यथा शीशम, अशोक के पौधे मंत्रोचार कर रोपित किए गए एवम फलदार पौधे आम, पपीते, नींबू इत्यादि वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ अशोक दुबे, दम्मी लाल (नगर सेवा प्रमुख वार्ड 120), संदीप शर्मा (वार्ड अध्यक्ष 120), मनीष शर्मा ,डा नरेश शर्मा, महेंद्र,अजय जी जितेंद्र शर्मा, कपिल पचौरी, पुनीत जैन आदि सेक्टर निवासियों की उपस्थिति रही।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन सोशल ग्रुप अरिहंत द्वारा भव्य गरबा नाइट का आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप अरिहंत के अध्यक्ष राजकुमार पायल सौगानी की अध्यक्षता में 6 अक्टूबर 2024 रविवार को डांडिया उत्सव का आयोजन मानसरोवर,पत्रकार रोड, किरण पैराडाइज मैरिज गार्डन पर संपन्न किया गया। ग्रुप के सचिव कमलेश-मीनू चॉंदवाड ने बताया की गरबा नाइट के पूर्व रैंप वॉक एवं फैशन शो का कार्यक्रम रखा गया ग्रुप के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के एंकर ऋतिक चांदवाड ने अनेक फिल्मी स्टारों की मिमिक्री के साथ मनोरंजक रेम्पवाक, एवं फैशन शो संपन्न करवाया, स्पेशल गेस्ट मिस राजस्थान हर्षिका बत्रा ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के उद्घाटन कता डॉ राजीव -अंजू जैन रहे आपने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को साथ लेकर भगवान के फोटो के समक्ष दीप प्रजवलन किया और गरबा नाइट ग्राउंड का रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सभी सदस्यों ने गरबा थीम पर म्यूजिक के साथ भरपूर डांस किया। हाउजी गेम के आयोजक ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार- अस्मिता पाटनी एवं सुगन- रंजीता पापड़ीवाल रहे। सभी नए सदस्यों का स्वागत और सम्मान कार्यक्रम के मध्य में संस्थापक अध्यक्ष राजीव- अनिला पाटनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के रैंप वॉक एवं गरबा के सभी विजेताओं को निर्णायक टीम संजीव- सुषमा एवं नरेंद्र- स्वातिजी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में लगातार लकी ड्रा खोले गये संस्थापक अध्यक्ष राजीव -अनिला पाटनी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला को श्रवण यंत्र भेंट




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था एवम श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा के संयुक्त तत्वावधान में जौहरी डिजिटल हेल्थ केयर लिमिटेड जोधपुर के सहयोग से कान से कम सुनाई देने वाली अजमेर की 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती भवरी देवी को आधुनिक श्रवण यंत्र निशुल्क प्रदान किया गया। अध्यक्ष रूपेश राठी ने बताया कि क्लब के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन पदम चंद जैन के माध्यम से प्राप्त श्रवण यंत्र पूर्व क्षेत्रीय लायन मधु पाटनी ने बुजुर्ग महिला को भेंट किया। लायन अतुल पाटनी ने सेवा सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि श्रवण यंत्र को उपयोग में लेते ही बुजुर्ग महिला को कान से साफ सुनाई देने लगा।

# स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** यूएसएस पब्लिक सीनियर सेकण्डरी स्कूल की यूएसएस स्पोर्ट्स एकेडमी का भव्य शुभारम्भ सोमवार को संगीतमय सुन्दरकाण्ड एवं कन्या पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कन्हैया लाल प्रधान ने बताया कि नीरज विहार, हरनाथ पुरा, निवारू रोड स्थित यूएसएस स्पोर्ट्स एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर दोपहर 1:00 बजे संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ शुरू हुआ। पाठ के समापन के पश्चात कन्यापूजन किया गय। कन्या पूजन में रामरिछपाल महाराज, त्रिवेणी धाम, श्रीकृष्ण दास महाराज, राम कुटिया एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जयपुर प्रान्त प्रचारक बाबूलाल ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वार्ड 43 की पार्षद अर्चना शर्मा ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में अति महत्व है। खेल हमारे शरीर को स्वस्थ, तंदुरुस्त रखते हैं। शरीर स्वस्थ होता है तो मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। स्वस्थ मस्तिष्क में ही सुविचारों का निर्माण होता है। यह स्पोर्ट्स एकेडमी युवाओं को स्वस्थ बनाने के साथ ही देश को उच्च कोटि के खिलाडी भी प्रदान करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है। इस अवसर पर अर्चना शर्मा ने अपना जन्मदिन भी मनाया। कन्हैया लाल प्रधान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा, हवामहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालमुकुन्दाचार्य थे । विशिष्ट अतिथि राम रिछपाल दास महाराज एवं कार्यक्रम में आमन्त्रित समस्त लोगों ने अर्चना शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी।





# यंग जैना अवार्ड 2024, बड़े बाबा के चरण सानिध्य में कुंडलपुर जी मे भव्यता पूर्वक सम्पन्न





**कुंडलपुर**

परम पूज्य समा.आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं विद्या शिरोमणि नवाचार्य समयसागर जी गुरुदेव के परम आशीर्वाद एवं पूज्य मुनिश्री क्षमा सागर जी महाराज की प्रेरणा से मैत्री समूह द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले यंग जैना अवार्ड (YJA) इस वर्ष प्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर (म.प्र.) में 5 एवं 6 अक्टूबर 2024 को भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। मैत्री समूह द्वारा आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने वाले देश भर के जैन छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह, देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। सन 2001 में शिवपुरी से शुरू हुए 'यंग जैन अवार्ड' में देशभर की विशिष्ट जैन प्रतिभाओं का सम्मान दो दिवसीय गरिमामय व भव्य समारोह में अत्यंत प्रबंधकीय कौशल व अनुशासन के साथ किया जाता है। इस आयोजन में विभिन्न विषयों के देश के जानेमाने कॅरियर कॉउंसलर एवं मनीषी देश के कोने कोने से आईं प्रतिभाओं को अपना उपयोगी एवं सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।मैत्री समूह के डॉ. सुमतिप्रकाश जैन एवं डॉ. सुबोध मारौरा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत, 12वीं कक्षा साइंस में 80 प्रतिशत तथा आर्ट एवं कॉमर्स में 75 प्रतिशत या उससे अधिक एवं संघ लोकसेवा आयोग (PSC) में चयनित, जैन छात्र - छात्राओं की लगभग 2850 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं थीं। इनमें से विभिन्न चयन मापदंडो के आधार पर सर्वोच्च 210 प्रतिभाओं को इस समारोह में आत्मीयता के साथ सम्मानित करने हेतु आमंत्रित किया गया था।इस दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से दो माँ का सानिध्य मिला। प्रथम मुख्य अतिथि श्रीमति आभा सेठ खुरई देश के प्रसिद्ध श्री एस.पी.जैन गुरुकुल खुरई की संचालिका, एक जानीमानी कवियत्री, समाज सेविका हैं। द्वितीय मुख्य अतिथि डॉ. सुधा मलैया जानी मानी राजनेता, नृत्यांगना, कवियत्री, समाज सेविका एवं कुलाधिपति एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह रहीं। जिन्होने अपने सारगर्भित उदबोधन से बच्चों को मार्गदर्शित किया। प्रथम दिन सत्र का उद्घाटन परम पूज्य आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज की आशीर्वाद से ध्वजारोहण के साथ ब्रह्म. विजय भैया लखनादौन के द्वारा कराया गया। इस ज्ञान महोत्सव में प्रतिभाशाली बच्चों एवं उनके माता-पिता को कई सत्रों में प्रभावी जानकारी मिली। अनुभव जैन IIM Indore फाउंडर द स्कूल आफ ड्रीम ने Happiness & success पर स्टूडेंट्स से चर्चा की। इसी को आगे बढ़ाते हुए, मुनिश्री क्षमासागर जी के 4 तरह की शांति पर प्रवचन सुनाए गए। डॉ राकेश गोदवानीअतिथि व्याख्याता IIM Banglore ने 5 Sucess Mantras बताए गए। यशवीर सिंह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने चेंज मेकर पर रोचक सत्र लिया।अर्चना गहलोत, मनीष गहलोत IIT Bombay फाउंडर अस्माकं यूनिवर्सिटी ने पेरेंटिंग पर अभिभावकों से चर्चा की।प्रगति जैन फाउंडर अनुयोग इंस्टिट्यूट, बैंगलोर ने आहार ही औषधि पर टिप्स दिए और सभी के फिटनेस अंक निकाले। ब्र.गौरव भैया श्रमदान ने आचार्य श्री विद्यासागर जी के जीवदया आधारित अनेक प्रयासों को साझा किया।रोहित जैन, Baniyan Roots उदयपुर ने ऑर्गेनिक फूड पर जानकारी दी और स्टॉल भी लगाया।जूली जैन और सुमी, अहमदाबाद ने मिलेट्स से कई व्यंजन बनाना सभी को सिखाया।पूज्य मुनि क्षमा सागर जी के महाराज के साहित्य पर डॉ. सुजश मारौरा नोएडा द्वारा लिखित शोध प्रबंध मुनि श्री क्षमा सागर जी महाराज के साहित्यिक का समीक्षात्मक अध्ययन का विमोचन मुख्य अतिथि श्रीमती आभा सेठ एवं मैत्री समूह के संरक्षक श्री पन्नालाल जी बैनाडा आगरा के द्वारा किया गया।इस अवसर पर एक भव्य सुसज्जित प्रदर्शनी पूज्य मुनि श्री क्षमासागर जी के विचारों एवं काव्य यात्रा को केंद्रित कर लगाई गई। **डॉ. सुबोध मारौरा इंदौर**

# गरबा की रंगारंग प्रस्तुति तथा विजेताओं को सम्मानित करके दो दिवसीय सृजन बिज का समापन



## ।। सृजन बिज टैलेंट हंट में विजेता 31000 रुपए तथा लैपटॉप पाकर झूमे विधार्थी।।

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। महिला सशक्तिकरण को लेकर सृजन संस्थान द्वारा दो दिवसीय सृजन बिज कार्यक्रम का रंगारंग गरबा, विजेताओं को नकद पुरुस्कार के सम्मान के साथ समापन किया गया। सृजन संस्थान की अध्यक्ष ममता रुपए का पुरुस्कार दिया गया। समाजसेवी रामपाल सोनी,कलेक्टर नामित मेहता,पूर्व एसडीएम अवध निवृति, डा एस एन मोदानी, नितिन स्पिनर्स के दिनेश नौलखा,आदि अतिथि उपस्थित रहे। महिलाओं के सशक्त करने की इस अनूठी पहल पर सृजन संस्थान को सभी ने बधाई दी।सृजन संस्थान की साक्षी मोदानी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी के साथ साथ छात्र छात्राओं, युवाओं के लिए कौशल कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमे अलग



मोदानी ने बताया कि देशभर से एग्जीबिशन में लगभग 60 से अधिक स्टॉलें एवं प्रदर्शनी लगी है।अंतिम दिन सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।गरबा डांस में संयुक्त रूप से प्रथम संगम शाइन (संगम यूनिवर्सिटी) तथा सिधार्थी ग्रुप आरसी आरके को 21000 रुपए, द्वितीय फील द मूव्स 11000 रुपए,तृतीय सैलपुत्री ग्रुप 7100 रुपए का पुरुस्कार दिया। सृजन बिज टैंक में प्रथम ऑनकॉनिक्स टीम जिसमे जय सिंह जोधा, फातिमा बोहरा, मुनीरा बोहरा रहे जिन्हे 31000 नकद तथा लैपटॉप दिया गया।महिला सशक्तिकरण पर आधारित डांस में प्रथम स्मार्ट किड्स (मूक बधीर) को 7100 रुपए का पुरुस्कार,द्वितीय संगम संगिनी(संगम यूनिवर्सिटी) 5100 रुपए का पुरुस्कार,तृतीय विजन वाइब्स को 3100 अलग विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र लिया गया तथा पैनल डिस्कशन किया गया। सृजन संस्थान द्वारा भीलवाड़ा में पहली बार इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य उदेश्य दो दिवसीय कार्यक्रम के द्वारा जमा राशि महिला विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में लगाया जाएगा जिनमें प्रमुख रूप से हाथ करगा मशीन खरीदी जाएगी तथा उन मशीनों पर महिलाओं को प्रशिक्षित तथा सशक्त किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रदर्शनी में जमकर खरीददारी करी गई। सृजन संस्थान की अध्यक्ष ममता मोदानी, साक्षी मोदानी, पूनम भदादा उदयपुर,सुरभि चोपड़ा, गुरुशा शर्मा, नेहा पोखरना,तनीषा सिंघवी, अनुजा बाबेल ,पूजा गलौंडिया,प्रीति लड्ढा जयपुर, डॉ कृतिका लड़ा, सुरभि समदानी, कृति लड्ढा ,मधु नागपाल, दीपा राठी ,भाग्यश्री चांडक आदि उपस्थित थे।

# थूवोनजी के वार्षिक सम्मेलन के साथ हुए निर्विरोध चुनाव



## ग्यारह अक्टूबर को सागर में होगा कार्यकारणी का गठन

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के वार्षिक सम्मेलन के साथ ही चुनावी प्रक्रिया का प्रथम चरण दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी निर्विरोध रुप से सम्पन्न हुआ जिसमें इक्की सदस्यो का चयन किया गया अव सम्पूर्ण कार्यकारिणी का गठन गरह अक्टूबर को परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में भाग्योदय तीर्थ सागर में किया जायेगा वार्षिक सम्मेलन मध्यांचल तीर्थ कमेटी के निवृत्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार सिघई व अशोक नगर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल के आतिथ्य एवं कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल अध्यक्षता में वार्षिक सम्मेलन का आगाज बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

## प्रथम चरण के साथ हो रहा है वार्षिक सम्मेलन

सम्मेलन के प्रारंभ में कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि थूवोनजी कमेटी की नवीन कार्यकारिणी के प्रथम चरण चयन आज यहां होने जा रहा है इसके पहले हम वार्षिक सम्मेलन के अवसर सभी का अभिनन्दन करते हैं।कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने तीर्थ क्षेत्र पर चल रहे विकास कार्यो के संदर्भ में बात रखते हुए कहा कि मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में कमेटी निरन्तर काम कर रही है वहीं निर्माण मंत्री विनोद मोदी ने निर्माण कार्य संबंधी जानकारी दी इस दौरान कमेटी के शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर गौरव जैन टींगू मिल राकेश अमरोद मनोज भैसरवास सुभाष मोदी राजीव चन्देरी सहित अन्य प्रमुख जनो व पूर्व पदाधिकार रविकांत कासल गिरीश अथाईखेडा अरविंद जैन कचनार सुभाष जाट सौरव वाझल सहित अन्य प्रमुख जनो के वाद अध्यक्ष राकेश कासंल अपनी बात रखी आभार कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल ने व्यक्त किया।

## जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा

इसके पहले थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का कलशाभिषेक किया गया इसके बाद जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य भक्तों ने प्राप्त किया इस दौरान कमेटी के कोषाध्यक्ष सौरव बाझल ने कहा कि विधान के अनुसार नवीन पदाधिकारियों का चयन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी के सान्निध्य में हम सभी शिरोमणि संरक्षण सदस्य परम संरक्षक व संरक्षण सदस्यों से निर्वाचन सदस्य ग्यारह तारीख को सुबह सागर पहुंच कर मुनि संघ को श्री फल भेंट करेंगे तदउपरांत परम पूज्य के सान्निध्य में आगे की सम्पूर्ण कार्यवाही संपन्न होगी।

## थूवोनजी कमेटी चुनाव हुए निर्विरोध संपन्न

कमेटी के मिडिल प्रमुख अरविंद जैन ने बताया कि आज दशानोदय तीर्थ थूबोन जी के 21 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध चयन किया गया जिनमें अमित खजूरिया निलेश जैन टिंकल विजय धुर्रा पवन जैन पत्रकार अभय जैन रानू राजेंद्र जैन कल्लू विनोद जैन तारई राजेंद्र जैन हलवाई अनिल बंसल अभिनव जैन सानू अरविंद जैन पत्रिका निर्मल जैन मिर्ची मनीष जैन बरखेड़ा नीरज जैन बंसल सुनील जैन अखाई उमेश जैन सिंघई नीरव हाथीशाह चंदेरी गगन जैन टरका शाढौरा जितेंद्र जैन मुंगावली वीरेन्द्र जैन ईसागढ़ शरद जैन बहादुर दूसरे चरण में दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र की नवीन कार्यकारिणी का गठन ग्यारह अक्टूबर को दोपहर में भाग्योदय तीर्थ सागर में परमपूज्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज के सान्निध्य में होगा।

# श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियां हुए वार्षिक कलशाभिषेक

## मंगल कलश प्राप्त करने का सौभाग्य धगडा परिवार को प्राप्त हुआ







**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसिया मे वार्षिक कलशाभिषेक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। श्री दिगंबर जैन पंचायत से नसियां मे दिन में पंचपरमेष्ठी विधान सगीतमय भक्ति के साथ पंडित घनश्याम दास जी शास्त्री के सानिध्य में आयोजित किया गया इस विधान में बड़ी संख्या में श्रावक व श्राविकाओं ने भाग लिया। श्री दिगम्बर जैन समाज के प्रचार प्रसार संयोजक अमित गोधा ने बताया है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिक कलशाभिषेक आयोजन आनंदपूर्वक सम्पन्न हुआ। स्वर्ण कलश से श्रीजी कलशाभिषेक करने का सुनील मुकेश दीपक गौरव जी जैन परिवार करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंगल कलश प्राप्त करने का सौभाग्य पवन कुमार रवि कुमार धगडा परिवार को प्राप्त हुआ। शाम मे सकल दिगम्बर जैन समाज का वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला वह मंत्री दिनेश अजमेरा ने अतिथियों का तिलक लगाकर माला शोल पहनाकर बहुमान किया। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक काला सचिव दिनेश अजमेरा विजय फागीवाला विकल कासलीवाल शशि कांत गदिया अतुल पाटनी राजकुमार पहाड़िया अमित गोधा कमल राँवका संदीप पाटनी सुमन धगड़ा मनोज कासलीवाल महेंद्र सोनी श्री पाल अजमेरा पारस कासलीवाल नितिन छाबड़ा, ताराचंद पाटनी आनंद गंगवाल संजय राँवका संजय गंगवाल पवन पाटनी चंद्रप्रकाश गोधा जम्बू राँवका लादूलाल जैन कमल बाकलीवाल प्रकाश गदिया सुभाष कटारिया जम्बू कुमार रावका सुनील रावका शांतिलाल कटारिया सहित दिगम्बर जैन पंचायत के सभी मंडल के सदस्यगण व समाज के गणमान्य पुरुष व महिला बालक व बालिकाओं सहित सकल समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

# जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में श्वास रोग विभाग का राज्य स्तरीय पी जी क्विज हुआ आयोजित




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर के मेडिकल कॉलेज में श्वास रोग विभाग का राज्य स्तरीय पी जी क्विज अयोजित किया गया। इस क्विज में राजस्थान प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज के श्वास रोग विभाग के 40 पी जी रेजीडेंट डॉक्टर्स ने भाग लिया। क्विज मास्टर श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रमाकान्त दीक्षित व क्विज कनविनर विभाग के सहायक आचार्य डॉ मुकेश गोयल ने यह क्विज करवाया जिसमें प्रथम स्थान एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर के डॉ हर्ष माहेश्वरी व द्वितीय स्थान पर जेएलएन मेडिकल कॉलेज के डॉ मनुदेव मेहता ने हासिल किया। ये दोनों अब राजस्थान का प्रतिनिधित्व कोयंबतूर में होने वाले नेशनल क्विज में करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ पुखराज गर्ग, अतिविशिष्ट अतिथि अधीक्षक डॉ अरविंद खरे, विशिष्ट अतिथि सीनियर प्रोफेसर डॉ नीरज गुप्ता, विभाग के डॉ राजवीर कुलदीप, डॉ पीयूष अरोड़ा व सभी रेजीडेंट्स ने भाग लिया।

# तीन दिवसीय उर्स मेला 10 से

**नसीराबाद (रोहित जैन)**

स्थानीय साईं बाबा मंदिर में तीन दिवसीय उर्स मेला का आयोजन आगामी 10 अक्टूबर से होगा। शिरडी साईं भक्त बाबा महेंद्र मस्तान के अनुसार 12 अक्टूबर को प्रातः 6:30 बजे बाबा का मंगल स्नान, 7 बजे सुबह की आरती, 9 बजे धोनी पूजन, 11 बजे साईं नाम जय पूर्णाहुति, 12 बजे दोपहर की आरती, 12:30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भंडारा, 3:30 बजे बाबा की पालकी व सायं 7 बजे सायंकाल की आरती होगी। इससे पूर्व 10 अक्टूबर को अखंड साई नाम जाप प्राप्त 11 बजे से प्रारंभ होगा।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की सेवा सप्ताह की गतिविधियां निरंतर जारी










**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 7.10.24 आज का दिन लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल के लिए बना विशेष। मौका था, सेवा सप्ताह अनमोल खुशियां के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता का। स्पार्कल क्लब की सदस्याएं विशेष अनुमति प्राप्त कर पहुंची पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। जहां एडिशनल एस. पी. श्रीमती शिल्पा चौधरी से मुलाकात कर सड़क सुरक्षा संबंधित विशेष जानकारी हासिल की। उन्होंने कंट्रोल रूम विजिट करा कर पूरे शहर के ट्रैफिक संबंधी सभी गतिविधिया,सभी मुख्य बाजारो की, एक साथ कंप्यूटर व कैमरे के माध्यम से,एक साथ स्क्रीन पर दिखाई।इस कार्य मे विशेष सहयोग किया श्रीमती मंजु राणा, ए. एस. आई. ने। दोनों महिला विभूतियों का क्लब द्वारा सम्मान कर हमने स्वयं को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में जयपुर स्पार्कल द्वारा नारायण सिंह सर्किल पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर का भी सम्मान किया गया। आज के इस कार्यक्रम में क्लब की सुमित्रा गोलियां, महादेवी आर्य, विजिया कोठारी, नीता गोयल व रानी पाटनी उपस्थित रही।

# प्रणय साहित्यिक दर्पण(मध्यप्रदेश इकाई) के वर्चुअल काव्य पाठ का हुआ आयोजन

## प्रणय साहित्यिक दर्पण (मध्यप्रदेश इकाई) के प्रांतीय संयोजक राजकुमार जायसवाल के नेतृत्व में पूर्ण हुआ काव्य पाठ

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

नवरात्रि के पावन पर्व के चौथे दिवस को प्रणय साहित्यिक दर्पण (मध्यप्रदेश इकाई) द्वारा वर्चुअल काव्य का आयोजन किया गया।भक्ति रस काव्य धारा के इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रणय साहित्यिक दर्पण के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव 'प्रणय' जी के स्वागत वचनों व शुभकामनाओं के साथ हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत सरस्वती वंदना के साथ की गई। तत्पश्चात संचालनकर्ता राजकुमार जायसवाल 'विचारक्रांति' ने कार्यक्रम अध्यक्ष आ. संतोष श्रीवास्तव 'विद्यार्थी', सागर, मध्यप्रदेश (सेवानिवृत उप जिलाधिकारी) के अनुमति के साथ काव्य पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के जबलपुर से वर्षा वैदेही जी,बैतूल से डॉ.पल्लवी सिंह 'अनुमेहा' जी, धार से संजय वर्मा 'दृष्टि' जी व मंडला से प्रो(डॉ.) शरद नारायण खरे जी उपस्थित रहे। सभी ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से मंच को मां के स्तुतियों,प्रार्थनाओं व गुणगानों से भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव 'विद्यार्थी' जी ने प्रणय साहित्यिक दर्पण के संस्थापक इंजी. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव 'प्रणय', जी व मध्यप्रदेश इकाई के प्रांतीय संयोजक राजकुमार जायसवाल 'विचारक्रांति' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गे पर सभी विद्वजनों की प्रस्तुतियां हमारे अंदर आत्मीय उत्साह व आध्यात्मिकता का संचार करने वाली थी। नवरात्रि के पावन अवसर पर ऐसे आयोजन मन को शुद्ध करने का काम करती हैं। और उन्होंने कहा कि राजकुमार जायसवाल 'विचारक्रांति' (सिंगरौली, मध्यप्रदेश) का संचालन बहुत ही शानदार रहा। अंत में प्रणय साहित्यिक दर्पण के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ''प्रणय'' जी के आभार प्रकट व कार्यक्रम अध्यक्ष के घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# संकुल स्तरीय कला उत्सव का हुआ आयोजन






**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। निकटवर्ती ग्राम नांदला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार को संकुल स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय बाड़मेर, बीकानेर, जयपुर, जैसलमेर, जालौर, जोधपुर, नागौर, सिरोही व स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय नांदला ने भाग लिया। संकुल स्तरीय कला उत्सव के अंतर्गत संगीत (वादन), स्वर वाद पारंपरिक कथा कारिता, संगीत (गायन) ,नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य गिरिराज रेवाड एवं उप प्राचार्य हरदयाल मीणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय की छात्रों ने सरस्वती वंदना की मनोरम प्रस्तुति दी। वहीं छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य गिरिराज रेवाड ने अपने संबोधन में जयपुर संकुल से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं मार्गरक्षी शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया। प्राचार्य रेवाड ने संकुल स्तरीय कला उत्सव में 120 प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने सफल रहे प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए। संकुल स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागी छात्र-छात्रा नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# ग्रामीण क्षेत्र के 90 विद्यार्थियों के लिए गणवेश की सेवा




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर एवम श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में समिति संरक्षक एवम समाजसेवी राकेश पालीवाल एवम समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के सहयोग से उदयपुर जिले की पंचायत समिति कुराबाद के ग्राम बुढ़ल की राजकीय विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाले 90 विद्यार्थियों को गणवेश की सेवा प्रदान की गई। समिति के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवम अजमेर संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि अध्यक्ष अतुल पाटनी के नेतृत्व में सामाजिक सरोकार के अंतर्गत अजमेर से गणवेश की सेवा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भेजी जहा राजकीय सेवा में अभियंता के पद से सेवानिवृत पारस चंद सेठी एवम ललिता सेठी के आथित्य में सेवा विद्यालय के शिक्षक देवीलाल मेघवाल के संयोजन में बच्चो के मध्य वितरण की गई। अंत में ग्राम के प्रबुद्धजनों ने समिति द्वारा दी गई सेवा के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# दिव्यांग जगत अजमेर से पत्रकार मुकेश वैष्णव भारत गौरव सम्मान 2024 से हुये सम्मानित




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। राष्ट्रीय दिव्यांग जगत अखबार जयपुर द्वारा 6 अक्टूबर, रविवार को जयपुर मे आयोजित भारत गौरव सम्मान 2024 सम्मान समारोह में दिव्यांग जगत अजमेर से वरिष्ठ पत्रकार मुकेश वैष्णव को दिव्यांगो एवं जनमानस की समस्याओं को समाचार पत्र/पोर्टल/चैनल में प्रकाशित कर सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने रहने व सामाजिक कार्य में सतत सक्रिय होकर सर्वश्रेष्ठ कार्य करते रहने पर ₹भारत गौरव सम्मान 2024₹ से सम्मानित किया गया। दिव्यांग जगत के सम्पादक उत्तम चन्द जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर से पत्रकारिता में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले पत्रकारों का सम्मान इस कार्यक्रम में किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान चेम्बर्स आफ कामर्स , भैरोसिंह शेखावत सभागार भवन, एम आई रोड जयपुर में आयोजित हुआ। वैष्णव को यह सम्मान वालीवुड अभिनेत्री शशि शर्मा, सदस्य रेल मंत्रालय भारत सरकार अनिल जैन तालेड़ा (एडवोकेट), सम्पादक उत्तम चन्द जैन व कार्यक्रम संयोजक धर्मपाल ओझा द्वारा प्रदान किया गया। वैष्णव को राष्ट्रीय अखबार दिव्यांग जगत की और से भारत गौरव सम्मान 2024 मिलने पर जिले भर से वैष्णव समाज के समाज बन्धुओं, पत्रकारों व हेत प्रेमियों ने हाद्दिक शुभकामनाएं देते हुवे समाज व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने पर बधाई दी।